जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

6 फरवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने अंतर-संकाय टूर्नामेंट 2024-25 का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के "अंतर-संकाय टूर्नामेंट 2024-25" का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह विश्वविद्यालय के विशाल नवाब मंसूर अली खान पटौदी खेल परिसर में दिनांक 4 फरवरी, 2025 को आयोजित किया गया। दिनांक 23 जनवरी, 2025 से 4 फरवरी, 2025 तक यह टूर्नामेंट नवाब मंसूर अली खान पटौदी खेल परिसर, जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आयोजित किया गया था। इसमें टेबल टेनिस (पुरुष और महिला), बैडमिंटन (पुरुष और महिला), क्रिकेट टी-20 (पुरुष), फुटबॉल (पुरुष), वॉलीबॉल (पुरुष), बास्केटबॉल (पुरुष और महिला) और एथलेटिक्स (पुरुष और महिला) खेलों का आयोजन किया गया। प्रो नफीस अहमद मानद निदेशक (गेम्स एंड स्पोर्ट्स), जामिया मिल्लिया इस्लामिया के नेतृत्व में इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के माननीय कुलपति प्रोफेसर मजहर आसिफ कार्यक्रम की अध्यक्षता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री रोहन जेटली और विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय खेल प्राधिकरण के निदेशक श्री ओंकार नाथ यादव, आईआरआरएस इस अवसर पर मौजूद रहे। दिल्ली जिला क्रिकेट संघ के सचिव श्री अशोक शर्मा, सचिवालय सुरक्षा संगठन, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के डीसी/डिप्टी सीएसओ श्री मुख्तयार और जामिया के कुलसचिव प्रो मोहम्मद महताब आलम रिजवी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

जामिया के माननीय कुलपति प्रो मजहर आसिफ, दिल्ली जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री रोहन जेटली, भारतीय खेल प्राधिकरण के निदेशक श्री ओंकार नाथ यादव, जामिया के कुलसचिव प्रो मोहम्मद महताब आलम रिजवी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभागियों को बधाई दी और उन्हें संबोधित किया तथा उन्हें पढ़ाई सहित खेलों में भी हिस्सा लेने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया। प्रो नफीस अहमद मानद निदेशक (गेम्स एंड स्पोर्ट्स), जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने दर्शकों और मेहमानों को टूर्नामेंट के बारे में जानकारी दी।

इस टूर्नामेंट में एजेके-एमसीआरसी और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक सहित कुल 13 टीमों ने 07 अलग-अलग खेलों में भाग लिया। यह टूर्नामेंट टीम वर्क की भावना को बढ़ावा देने और खेल भावना को विकसित करने, सहयोग को प्रोत्साहित करने, रिश्ते बनाने और विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षण और गैर-शैक्षिक कर्मचारियों के बीच संचार को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट छात्रों के मनोबल को बढ़ाने, तनाव को कम करने एवं वेलनेस हार्मोन जारी करके उनके मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायता करते हैं जिससे वे एक स्वस्थ कार्य जीवन को बनाए रख सकें।

प्रो नफीस अहमद मानद निदेशक (गेम्स एंड स्पोर्ट्स), जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने सभी मेहमानों, गणमान्य व्यक्तियों, संकाय सदस्यों और जामिया के कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया